बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड
BIHAR STATE EDUCATIONAL INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD.

BSEIDC

(A Govt. of Bihar Undertaking)

ISO 9001:14001; OHSAS 18001

Shiksha Bhawan, Bihar Rashtrabhasha Parishad Campus, Acharya Shivpujan Sahay Path, Saidpur, Patna - 800 004

Tel. No. : 0612 - 2660850 • Fax No. : 0612 - 2660256

E-mail : bseidc@gmail.com • Website : http://www.bseidc.in • CIN : U80301BR2010SGC015859

कार्यालय आदेश

संख्या – 83 दिनांकः– 15.06.2020

सरकार के प्रधान सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार के पत्रांक–अ०स०क०–05–10 / 2014–1066 दिनांक–08.05.2017 के आलोक में निगम के कार्यालय आदेश संख्या–156 दिनांक–04.07.2017 के द्वारा किशनगंज जिला के कोचाधामन प्रखंड अन्तर्गत उच्च विद्यालय मोहरा के भवन निर्माण में बरती गई अनियमितता की जाँच हेतु मुख्यालय स्तर पर श्री राजेश कुमार, तत्कालीन अधीक्षण अभियंता की अध्यक्षता में जाँच दल का गठन किया गया।

जाँच दल द्वारा निरीक्षण के उपरांत उक्त निर्माण कार्य में निम्नांकित मुख्य त्रुटियाँ प्रतिवेदित की गई :–

(i) Tor steel shri Gopal Brand का पाया गया, जो विशिष्टियों के अनुरूप नहीं है।

(ii) Brick Work में घटिया स्तर का Mortar का प्रयोग किया गया तथा इस कार्य में सफेद बालू का प्रयोग किया गया।

(iii) Foundation के Stifferners एवं Colums में ढलाई कार्य सही नहीं पाया गया, जगह–जगह Honey comb पाया गया। Concrete में भी सफेद बालू का प्रयोग पाया गया।

उक्त के संबंध में निगम मे पत्रांक–1414 दिनांक–05.03.2018 द्वारा इस कार्य के संवेदक Bholi Nath Roy को घटिया स्तर के कार्य को पूर्णतया तोड़कर मानक के अनुरूप निर्माण कार्य करने का निदेश दिया गया। साथ ही संवेदक Bholi Nath Roy से त्रुटिपूर्ण कार्य के लिये स्पष्टीकरण की मांग की गई। संवेदक Bholi Nath Roy द्वारा अपने पत्र दिनांक–29.05.2019 के माध्यम से उक्त भवन निर्माण कार्य में पाई गई त्रुटियों को सुधार कर पुनः कार्य प्रारंभ करने की सूचना दी गई। तदोपरांत निगम के पत्रांक – 3342 दिनांक–19.06.2019 के द्वारा कार्यपालक अभियंता, पूर्णिया प्रमंडल से स्थल निरीक्षण कर प्रतिवेदन समर्पित करने का निदेश दिया गया। कार्यपालक अभियंता, पूर्णिया द्वारा अपने पत्रांक–522 / 2019 दिनांक–25.06.2019 के माध्यम से सूचित किया गया कि पूर्व में भवन निर्माण कार्य में पायी गयी त्रुटियाँ एवं कार्य का घटिया स्तर होने के कारण संवेदक के द्वारा पुनः कार्य प्रारंभ करते हुए पूर्व के कार्य को तोड़कर नए सिरे से निर्माण कार्य को कराया जा रहा है।

वर्णित परिस्थिति में स्पष्ट है कि संवेदक Bholi Nath Roy द्वारा प्रारंभ में निर्धारित विशिष्टियों/मानको के अनुरूप कार्य नहीं किया गया। फलस्वरूप कार्य की गुणवत्तापू प्रगति बाधित हुई।

उक्त के आलोक में संवेदक Bholi Nath Roy को बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 के कंडिका–11 क(ii) के आलोक में विषयक कार्य के पूर्ण होने तक अगली सभी निविदाओं में भाग लेने से वंचित (Debar) किया जाता है।

प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

(ह०/–)

मुख्य अभियंता

ज्ञापांक: BSEIDC/OSD(CE)/21/2017– दिनांक:

प्रतिलिपि: अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/ अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/ अभियंता प्रमुख, लोक स्वास्थय अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/ अभियंता प्रमुख, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ अभियंता प्रमुख, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/ मुख्य अभियंता, नगर विकास विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार मेडिकल सर्विसेस एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड, बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

(ह०/–)

मुख्य अभियंता

ज्ञापांक: BSEIDC/OSD(CE)/21/2017– दिनांक:

प्रतिलिपि: Bholi Nath Roy, Anisabad Post Office Lane, Patna, Bihar-800002 को सूचनार्थ प्रेषित।

(ह०/–)

मुख्य अभियंता

ज्ञापांक: BSEIDC/OSD(CE)/21/2017– दिनांक:

प्रतिलिपि: मुख्य परामर्शी (तकनीकी)/सभी कार्यपालक अभियंता (मु०)/कार्यपालक अभियंता, पूर्णिया प्रमंडल /लेखा पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

(ह०/–)

मुख्य अभियंता

ज्ञापाक: BSEIDC/OSD(CE)/21/2017– 3191 दिनांक: 15.06.2020

प्रतिलिपि: निगम वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु श्री पंकज कुमार सिंह, कम्प्युटर प्रोगामर को सूचनार्थ प्रेषित।

15/06/2020

मुख्य अभियंता